अतिमहत्वपूर्ण/विशेषध्याकर्षण/ईमेल द्वारा।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

केन्द्र अधीक्षक/सहायक केन्द्र अधीक्षक,
सम सेमेस्टर/बैक पेपर परीक्षा जून–2025 हेतु,
परिषद द्वारा निर्धारित समस्त परीक्षा केन्द्र।

पत्रांकः प्राशिप/अनु03/परीक्षा/2025/2345 लखनऊः दिनांकः– 16.06.2025

विषयः CUET परीक्षा के दृष्टिगत प्रभावित छात्रों की परीक्षा सफल एवं शुचितापूर्ण रूप से संपन्न कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि दिनांक 18/06/2025 से 21/06/2025 तक के मध्य CUET परीक्षा से प्रभावित छात्र/छात्राओं की परीक्षा आपके परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न कराया जाना निर्धारित है। CUET परीक्षा से प्रभावित छात्र/छात्रायें परिषद कार्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत प्रवेश पत्र के माध्यम से ही अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होंगे। प्रभावित छात्र/छात्राओं को अपने प्रवेश पत्र के साथ CUET परीक्षा का एडमिट कार्ड परीक्षा केन्द्र पर साथ लाना अनिवार्य है। अतः छात्र/छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित कराने से पूर्व यह भलिभांति जांच ले कि छात्र/छात्राओं की पूर्व परीक्षा की दिनांक CUET परीक्षा की दिनांक से Clashing हो रही है अथवा नहीं। परीक्षा में ऐसे छात्र/छात्राओं को सम्मिलित नहीं किया जाये जो CUET परीक्षा से प्रभावित नही है।

निर्देशित किया जाता है कि उक्त परीक्षा में सम्मिलित छात्र/छात्रों की उत्तरपुस्तिकायें परीक्षा समाप्ति के उपरान्त दिनांक 23/06/2025 को डाक के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों द्वारा प्रेषित की जायेंगी उक्त परीक्षा की उत्तरपुस्तिकायें परीक्षा केन्द्रों द्वारा प्रतिदिन डाक के माध्यम से प्रेषित न की जायें। CUET परीक्षा से प्रभावित छात्रों की परीक्षा हेतु अपडेटिड परीक्षा कार्यक्रम परिषद वेबसाइट पर उपलब्ध है, अतः परीक्षा कार्यक्रम का भलिभांति परीक्षण कर लें।

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0: प्राशिप/अनु03/परीक्षा/2025/2346-50 तद्दिनांकः– 16.06.2025

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र, मेरठ।
4. प्रधानाचार्य/निदेशक, परिषद से सम्बद्ध समस्त इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की संस्थाओं को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त के संबंध में अपनी संस्था के CUET परीक्षा से प्रभावित छात्र/छात्राओं को अवगत कराना सुनिश्चित करें जिससे कि कोई भी प्रभावित छात्र/छात्रा परीक्षा से वंचित न रहने पाये।
5. प्रभारी अनुभाग–2 प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव